हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 302 | देहरादून, बृहस्पतिवार, 30 मई, 2024 | मूल्य : एक रुपया | पृष्ठ : 16





यात्रा मार्ग पर नहीं चलेंगे चोटिल और अस्वस्थ घोड़े : सौरभ बहुगुणा 3


# 4 जून को आने वाले रिजल्ट के लिए बीजेपी की तैयारियाँ शुरू

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 30 मई , लोकसभा चुनाव मतगणना तैयारी को लेकर भाजपा ने अपनी रणनीति को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री उत्तराखण्ड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम ने प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की मौजूदगी में वर्चुअल बैठक लेकर सभी पार्टी प्रत्याशियों एवं पदाधिकारियों से इसको लेकर विस्तार से चर्चा की ।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि गौतम ने बैठक में 4 जून को होने वाली मतगणना के संबंध में सांगठनिक स्तर पर अब तक की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने बैठक में सम्मिलित पदाधिकारियों से पार्टी के लोकसभा प्रत्याशियों से चर्चा करते हुए मतगणना केंद्र पोलिंग ऐजेंटों एवं प्रभारी और लोकसभा मतगणना प्रभारियों के नाम तय कर जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिए हैं । साथ ही बैठक में तय हुआ कि मतगणना के परिणामों की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। जिसमे मतगणना की अपडेट एवं इस पूरी प्रक्रिया में आने वाली शिकायतों के निवारण एवं जानकारी के समन्वय का काम किया जाएगा । उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी 5 सीटों पर पार्टी उम्मीदवारों का जीतना तो निश्चित है, लेकिन हमारी कोशिश है रिकॉर्ड अंतर से विजय हासिल करना, लिहाजा हमारी कोशिश हो कि एक भी वोट बेकार न जाए ।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने वर्चुअल बैठक में शामिल पदाधिकारियों को 4 जून को आने वाले रिजल्ट के लिए तैयार होने का आह्वाहन किया । उन्होंने कहा, चुनाव पूर्व और मतदान की तारीख तक जीतोड़ मेहनत की है अब बस एक दिन और हमे मतगणना के समय सतर्क होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करना है। एनडीए का जीतना और मोदी जी का



तीसरी बार पीएम बनना तय है, लेकिन हम सबको लोकतांत्रिक महापर्व को इस अंतिम प्रक्रिया को सकुशल संपन्न करवाना है ।

इस बैठक में प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार, लोकसभा प्रत्याशी, प्रभारी, सह-प्रभारी, संयोजक व सह-संयोजक, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी व सह-प्रभारी, विधानसभा प्रभारी एवं संयोजक वर्चुअली सम्मिलित हुए।

# उत्तराखंड : 31 मई से प्रदेशभर में झमाझम बारिश, अलर्ट जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 मई : मौसम पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के 8 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी कर दिया गया है। साथ ही 31 मई से 2 जून तक पूरे प्रदेश में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है ।उत्तराखंड में इस साल की गर्मी ने पुराने सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए हैं। मई के महीने ने इतनी गर्मी आज तक नहीं पड़ी, अबकी बार रिकॉर्ड तोड़ गर्मी हो रही है। गर्मी से पहाड़ों के कुछ स्थानों पर पानी का संकट भी छा रहा है तो मैदानों में बिजली कटौती देखने को मिल रही है।

भीषण गर्मी ने जनजीवन बेहाल कर दिया है। मैदानी क्षेत्रों में पारा 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया है। यहाँ गर्मी लोगों के पसीने छुड़ा रही है, चिलचिलाती गर्मी ने लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। इसी बीच सभी प्रदेशवासियों के लिए मौसम विभाग की तरफ से एक अच्छी खबर आई है जून के शुरुआत से ही हल्की बारिश के आसार बन रहे हैं।





प्रदेश के आमजन और साथ ही उत्तराखंड आ रहे यात्रियों के लिए खुशखबरी है। क्योंकि मौसम अब करवट बदलने वाला है। सभी को अब चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलने वाली है। मौसम केंद्र देहरादून ने अगले दो दिनों के लिए प्रदेश में येलो अलर्ट जारी किया है। पूरे प्रदेश में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 30 और 31 मई को प्रदेश के 8 जिलों चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, चंपावत, नैनीताल, बागेश्वर, चंपावत और अल्मोड़ा में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। चिलचिलाती गर्मी से जल्द ही लोगों को राहत मिलेगी।

मौसम केंद्र देहरादून से जारी मौसम के पूर्वानुमान के मुताबिक मई से मौसम की मार झेल रहे आम जनों को जून की शुरुआत से ही इंद्रदेव मेहरबान होने वाले हैं। 31 मई को उत्तराखंड में झमाझम बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही इस दौरान सभी जनपदों में 30-40 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवाऐं चलेंगी, यह सिलसिला 2 जून तक चलेगा जिसमें गरज चमक के साथ बारिश होने का अनुमान है।

देहरादून का अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं पंतनगर का अधिकतम तापमान 40. 8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान डिग्री 29.6 और न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस था। नई टिहरी का अधिकतम तापमान 29.2 और न्यूनतम तापमान 19.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## डीएम सोनिका की अध्यक्षता में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटना वाले स्थानों को चिन्हित करते हुए सुधारीकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने परिवहन, पुलिस, लोक निर्माण विभाग, एनएच,एनएचआई के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाते हुए दुर्घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए ऐसे सभी स्थलों का सुधारीकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दुर्घटना स्थल को ब्लैक स्पॉट की तर्ज पर देखते हुए सुधारीकरण की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सड़कों पर स्पीडोमीटर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने संभागीय परिवहन अधिकारी को सडक सुरक्षा कार्यों की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सडक सुधारीकरण कार्यों धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए लोनिवि, एनएच, एनएचआई के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत दुर्घटना संभावित एवं ब्लैक स्पॉट में सुधार करते हुए नये ब्लैक स्पॉट चिह्नित किये जाए। चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर तेजी से सुधारीकरण कार्य करें, स्थाई कार्य होने तक अस्थाई रूप से सुधारीकरण कार्य कर लिए जाए ताकि दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि परिवहन, पुलिस, लोक निर्माण विभाग, एनएच,एनएचआई के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाते हुए दुर्घटना स्थलों का निरीक्षण करते हुए दुर्घटनाओं के कारण एवं सुधारीकरण कार्य करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर मुख्य नगर अधिकारी निगम बीर सिंह बुदिलाल, अपर जिलाधिकारी प्रसाशन जय भारत सिंह, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार, अधि0अभि0 लोनिवि जितेन्द्र कुमार, संभागीय परिवहन अधिकारी शैलेश तिवारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेन्द्र विराटिया, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ऋषिकेश मोहित कोठारी, सहायक संभागीय अधिकारी विकासनगर, एनएच डाईवाला ज्योति सिंह रावत, ,एनएचआई प्रबन्धक राहुत मीना, एनएच,एनएचआई, लोनिवि के सम्बन्धित अधिकारियों सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने लिया चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। उत्तराखंड चारधाम यात्रा को सुगम एवं सुव्यस्थित संचालन के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर गठित हाई लेबल कमेटी के अध्यक्ष/अपर मुख्य सचिव वित्त आनंद वर्धन ने मंगलवार को बद्रीनाथ पहुंचकर चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपर मुख्य सचिव आम तीर्थयात्री की तरह बदरीनाथ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चारधाम यात्रा मार्ग और बदरीनाथ धाम में तीर्थ यात्री सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। धाम में ट्रैफिक मैनेजमेंट, पार्किंग, पेयजल, चिकित्सा, आवास, संचार, विद्युत, परिवहन, रजिस्ट्रेशन, मंदिर में टोकन दर्शन, साफ सफाई एवं स्वच्छता व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने धाम में श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए यात्रा व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक भी लिया। इस दौरान अपर मुख्य सचिव ने भगवान बद्रीनाथ के दर्शन किए। मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने अपर मुख्य सचिव को बदरी विशाल का प्रसाद भेंट कर उनका स्वागत किया। बुधवार को अपर मुख्य सचिव ने बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत संचालित रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, आस्था पथ, शेषनेत्र झील, तीर्थ पुरोहित आवास, आईएसबीटी, हॉस्पिटल एक्सटेंशन आदि निर्माण कार्यो का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को मास्टर प्लान के कार्यों को समयबद्धता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सीएस वशिष्ठ, अधिशासी अभियंता अनिल ध्यानी, अधिशासी अभियंता विपुल सैनी, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, ईओ नगर पंचायत सुनील पुरोहित, थाना प्रभारी नवनीत भंडारी, बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी हरीश गौड़ आदि मौजूद रहे।

# चावल वो भी रात में, न बाबा न

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 30 मई , क्या आप रात के डिनर में गर्म गर्म चावल खाते हैं ? क्या आपकी आदत चावल खाने की ज़रूरत से ज्यादा है ? भले ही चावल हमारी डेली डाइट का हिस्सा हो और इसे हम दिन के किसी भी समय खाते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि रात के समय चावल खाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है? आजतक हम सिर्फ चावल खाने से मोटापा होने की ही शिकायत सुनते थे, लेकिन यह खासतौर पर कुछ लोगों के लिए ज्यादा नुकसानदायक हो सकता है. यहां जानिए कौन से वे लोग हैं जिन्हें रात में चावल नहीं खाना चाहिए और क्यों?

रात को किन लोगों को नहीं खाने चाहिए चावल?

1. मोटापा बढ़ने का खतरा

रात के समय चावल खाने से वजन बढ़ने का खतरा बढ़ सकता है. चावल में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा ज्यादा होती है जो शरीर में फैट के रूप में संग्रहित हो सकता है. अगर आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो रात के खाने में चावल से परहेज करें.




2. डायबिटीज के मरीज

डायबिटीज के मरीजों के लिए रात में चावल खाना हानिकारक हो सकता है. चावल में हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है, जो ब्लड शुगर लेवल को तेजी से बढ़ा सकता है. इससे डायबिटीज की स्थिति और बिगड़ सकती है. इसलिए, डायबिटीज के मरीजों को रात के भोजन में चावल से परहेज करना चाहिए.

यह भी पढ़ें: गर्मियों में इन 5 लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए बैंगन, हो सकते हैं ये गंभीर नुकसान

3. पाचन तंत्र की समस्याएं

रात में चावल खाने से पाचन तंत्र पर भार बढ़ जाता है. चावल को पचाने में ज्यादा समय लगता है और रात के समय पाचन क्रिया धीमी हो जाती है, जिससे कब्ज, एसिडिटी और अन्य पाचन समस्याएं हो सकती हैं.

4. गठिया रोग के मरीज

गठिया रोग के मरीजों के लिए रात में चावल खाना उचित नहीं है. चावल में ऐसे तत्व होते हैं जो शरीर में सूजन को बढ़ा सकते हैं, जिससे गठिया का दर्द बढ़ सकता है.

5. नींद संबंधी समस्याएं

चावल खाने से शरीर में ट्रिप्टोफैन की मात्रा बढ़ती है, जो नींद लाने में सहायक होता है. हालांकि, कुछ लोगों में यह समस्या पैदा कर सकता है और उनकी स्लीप क्वालिटी को प्रभावित कर सकता है. अगर आपको नींद की समस्या है, तो रात में चावल खाने से बचें.

रात को क्या खा सकते हैं?

रात के समय चावल के बजाय आप साबुत अनाज, ओट्स, क्विनोआ या अन्य हल्के और पोषक तत्वों से भरपूर विकल्पों का सेवन कर सकते हैं. यह न केवल पाचन में सहायक होंगे बल्कि आपकी सेहत को भी बेहतर बनाए रखेंगे.

# दांत क्यों नहीं जलते हैं ? जानिए वजह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 30 मई , हिंदू धर्म में मृत्यु के बाद व्यक्ति को जलाया जाता है. वहीं दाह संस्कार के वक्त जब डेड बॉडी में आग लगाई जाती है, तो कुछ ही घंटों में शरीर का एक-एक हिस्सा जलकर राख हो जाता है. इस दौरान ज्यादातर हड्डियां भी राख में बदल जाती हैं, वहीं कुछ हड्डियां बच जाती हैं. जिन्हें धर्म के मुताबिक नदियों में विसर्जित कर दिया जाता है. लेकिन क्या आप जानते हैं कि शरीर का कौनसा हिस्सा आग में नहीं जलता है. आज हम आपको बताएंगे कि कौन सा हिस्सा आग में नहीं जलता है.

आग में जलाना

एक्सपर्ट के मुताबिक 670 और 810 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान होगा तो शरीर सिर्फ 10 मिनट में पिघलने लगता है. वहीं 20 मिनट के बाद ललाट की हड्डी नरम टिश्यु से मुक्त हो जाती है. टेबुला एक्सटर्ना यानी कपाल गुहा की पतली दीवार में दरारें आने लगती हैं. इसके अलावा 30 मिनट में पूरी त्वचा जल जाती है. जानकारी के मुताबिक दाह संस्कार शुरू होने के 40 मिनट बाद आंतरिक अंग गंभीर रूप से सिकुड़ जाते हैं और जाल जैसी या स्पंज जैसी संरचना दिखाई देती है. वहीं लगभग 50 मिनट बाद हाथ-पैर कुछ हद तक नष्ट हो जाते और सिर्फ धड़ बचा रहता है. जो 1-डेढ़ घंटे के बाद टूटकर अलग हो जाता है. मानव शरीर को पूरी तरह से जलाने में लगभग 2-3 घंटे का समय लगता है. लेकिन इसके बावजूद एक हिस्सा फरि भी नहीं जलता है.

कौन सा अंग नहीं जलता

बता दें कि मरने के बाद जब किसी के शरीर को जलाया जाता है, तो सिर्फ दांत ही बचते हैं. शरीर जलने के बाद यही वह हस्सिा होता है, जिसे आप आसानी से पहचान सकते हैं. इसके अलावा बाकी का हिस्सा एक तरह से राख हो जाता है. वैज्ञानिकों के मुताबिक दांतों के नहीं जलने के पीछे साइंस है. दरअसल दांत कैल्शियम फॉस्फेट से बने होते हैं और इस वजह से उनमें आग नहीं लगता है. दाह संस्कार के वक्त आग में दांत के सबसे नरम ऊतक जल जाते हैं, जबकि सबसे कठोर ऊतक यानी तामचीनी बच जाते हैं. हालांकि कुछ हड्डियां भी कम तापमान में नहीं जल पाती. वैज्ञानिकों के मुताबिक शरीर की सारी हड्डियों को जलाने के लिए 1292 डिग्री फ़ारेनहाइट के अत्यंत उच्च तापमान की आवश्यकता होती है. वहीं इस तापमान पर भी कैल्शियम फॉस्फेट पूरी तरह से राख में नहीं बदलेगा.




# क्या सच में किसी के याद करने पर आती है हिचकियां, या कोई और है वजह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 30 मई : अक्सर जब भी हमें हिचकी आती है, तो हम यही सोचते हैं कि कोई खास हमें याद कर रहा है। दिल को खुश करने के लिए ये ख्याल अच्छा है लेकिन इसकी वैज्ञानिक वजह कुछ और ही होती है। असल में हिचकी तब आती है जब हमारी सांसों और पाचन क्रिया में किसी तरह की गड़बड़ी हो जाए। हिचकी आने पर इसे रोकने की कोशिश करनी चाहिए। आमतौर पर हिचकी कुछ ही देर में अपने आप ठीक हो जाती है। लेकिन, अगर यह लंबे समय तक रुके नहीं, तो इसका इलाज जरूरी हो जाता है।

डायाफ्राम एक मांसपेशी है, जो सांस लेने के अंगों को पाचन क्रिया के अंगों से अलग करती है। जब आप सांस लेते हैं, तो आपका डायाफ्राम सिकुड़ता है और फेफड़ों को हवा भरने के लिए जगह मिलती है। जिसके कारण आप सांस ले पाते हैं। सांस छोड़ते समय यह आराम की स्थिति में आ जाता है। जब किसी परेशानी के कारण इस डायाफ्राम में अनैच्छिक सिकुड़न या ऐंठन हो जाए तो, आवाज निकालने वाली नली जिसे वोकल कॉर्ड भी कहते हैं, वह कुछ समय के लिए बंद हो जाती है, जिससे 'हिक' या 'हिच' की आवाज आती है। इसी समस्या को ही आम भाषा में हिचकी या अंग्रेजी में हिकप्स और विज्ञान में सिगुलेटस कहते हैं।

जल्दी-जल्दी हड़बड़ी में खाना , अधिक तीखा या गर्म खाना खा लेना,पेट में गैस होना,बहुत अधिक नर्वस होना, अधिक उत्तेजित होना, कार्बोनेटेड ड्रिंक या सोडा पीना , शराब का सेवन, कोई भी ऐसी क्रिया करना जिसमें आप गलती से हवा निगल जाएं जैसे च्यूइंगम खाना, नर्वस सिस्टम में नसों में हुई किसी परेशानी से लंबे समय तक हिचकी आ सकती है ,किसी दवा का साइड इफेक्ट , ठंडा पानी पिएं, जिससे उत्तेजित डायाफ्राम शांत होता है। कुछ सेकंड के लिए सांस रोक कर दोबारा छोड़ें। ध्यान भटकाने की कोशिश करें, या किसी डरावनी बात का जिक्र करें जिससे दिमाग दूसरी तरफ भटक जाए। ऐसा करने से दिमाग हिचकी से ध्यान हटा कर पाचन क्रिया पर ध्यान केंद्रित करने के संकेत देता है, जिससे हिचकी रुक जाती है। यही वजह है कि अक्सर कहा जाता है कि हिचकी आने पर कोई याद कर रहा है, जिससे इंसान का दिमाग यह सोचने पर जोर डालने लगे कि कौन याद कर सकता है और उसका ध्यान बंट जाए और हिचकी रुक जाए।



# यात्रा मार्ग पर नहीं चलेंगे चोटिल और अस्वस्थ घोड़े : सौरभ बहुगुणा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 30 मई , चार धाम यात्रा उत्तराखंड की आय का मुख्य स्त्रोत है। इसको सफल बनाने के लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभाग अपना कार्य करते हैं। सरकार का यह भी लक्ष्य रहता है कि यात्री अत्यधिक चारों धर्मों के दर्शन करें ताकि अत्यधिक राजस्व उत्तराखंड को प्राप्त हो सके। इस बार सरकार की उम्मीद के अनुसार यात्री उत्तराखंड पहुंचे हैं जिससे यात्रा में यात्रियों के साधन के लिए जानवरों पर भी अधिक भार बड़ा है।लेकिन इस मौके का बेलगाम घोड़े और खतरों के मालिक चार धाम यात्रा में जानवरों का इस्तेमाल करते हैं ताकि वह बेहतर मुनाफा कमा सके।

बेहतर मुनाफा पाने के लिए यात्रियों से ओवरचार्जिंग और घोड़े – खच्चरों को लगातार काम करने से जानवरों पर क्रूरता के मामले सामने आते है। आपको बता दे की केदारनाथ और यमुनोत्री धाम के पैदल मार्ग में लगातार चलते घोड़े खच्चर एक मुख्य परिवहन के साधन है। लेकिन इस बार पशुपालन विभाग ने इस यात्रा को सफल बनाने के लिए कई कड़े नियम, सुविधाएं और जानवरों की क्रूरता रोकने के लिए भी अत्यधिक प्रयास विभाग द्वारा किए गए।





पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने सभी व्यवस्थाओं और जानवरों की क्रूरता को रोकने के लिए विभाग द्वारा बेहतर प्रयास की जानकारी दी।इस बार केदारनाथ धाम में घोड़ों की 8 हजार क्षमता रखी गई है। जिसमें विभाग ने यात्रा से पहले तैयारी करते हुए पंजीकरण और मेडिकल कैंप की व्यवस्था चौकस की, इसके साथ चोटिल और अस्वस्थ घोड़े का रजिस्ट्रेशन नहीं किया गया, वही घोड़ा – खच्चरो का यात्रा के दौरान ऑडिट करने के लिए 40 सदस्यों की टास्क फोर्स का गठन किया गया । साथ ही बीते वर्ष से डॉक्टर की क्षमता को बढ़ाकर 7 कर दिया गया, इसके साथ 600 से 700 घोड़े के आराम करने के लिए नए टीन शेड और जानवरों के लिए गरम पानी की व्यवस्था रखी गई है ।

वही इस बार जानवरों के मालिक की ओवर चार्जिंग और बीते वर्ष क्रूरता की कई वीडियो सामने आने के बाद, इस बार पशुपालन विभाग और भी सख्त हो चुका है घोड़े – खच्चरो पर बार कोड लगाया गया है जिससे उनकी जानकारी प्राप्त हो सके साथ ही घोड़े के मालिकों को आईडी कार्ड भी बनाया गया है ताकि उनकी पहचान हो सके ।आने वाले समय में अगर जरूरत पड़ेगी तो घोड़े– खच्चरों की 8 हजार नियमित सीमा को और भी बढ़ाया जाएगा।

# उत्तराखंड : जून से रोडवेज का सफर होगा महंगा, यात्रियों से वसूला जाएगा पार्किंग शुल्क

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 मई : एमडीडीए जून के पहले सप्ताह से ही आईएसबीटी में पार्किंग फीस बढ़ाने जा रहा है। जिसको परिवहन निगम यात्रा शुल्क में बढ़ोतरी करके यात्रियों से वसूल करेगा। अभी तक यह शुल्क 145 रुपये प्रति बस था जो जून से 240 रुपये हो जाएगा।प्रदेश के अधिकतर लोग रोडवेज में सफर करते हैं लेकिन जून से उन्हें बहुत बड़ा झटका लगने वाला है क्योंकि यात्रा शुल्क में बढ़ोतरी होने वाली है।

रोडवेज की बसों में किराया बढ़ने की तैयारी तकरीबन पूरी हो चुकी है। देहरादून में आईएसबीटी का स्वामित्व एमडीडीए (मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण) के पास है और MDDA जून से प्रवेश शुल्क बढ़ाने वाला है। मतलब अब रोडवेज यह वृद्धि यात्रियों के किराया बढ़ोतरी से वसूल करेगा। बसों में प्रति व्यक्ति किराया पांच से दस रुपए तक बढ़ जाएगा।एमडीडीए अभी तक प्रत्येक बस से 145 रुपये पार्किंग शुल्क लेता था जो अब बढ़ाकर 240 रुपये हो जाएगा। प्रतिदिन देहरादून आईएसबीटी से 250 से अधिक बसें चलती है। इसमें सबसे ज्यादा बसें दिल्ली रुट पर चलती है। एमडीडीए पूर्व में ही यूपी, हरियाणा, हिमाचल, पंजाब की बसों के लिए प्रवेश शुल्क बढ़ा चुका है। आईएसबीटी में कई समय से बसों के लिए प्रवेश शुल्क स्थगित किया गया था। छह जून से प्रवेश शुल्क बढ़ेगा जिसके बाद किराए में भी बढ़ोतरी होगी।



## अमकोटी के जंगलों में लगी आग

पौड़ी। पौड़ी-श्रीनगर हाईवे से सटे अमकोटी के सिविल जंगलों में बुधवार को आग लगी रही। इससे पहले हाईवे पर डोभ श्रीकोट के आस-पास जंगलों में आग लग गई थी। बारिश नहीं होने के कारण पौड़ी मुख्यालय में भी बीते दो-तीन दिनों से पारा चढ़ा हुआ है। बुधवार को पौड़ी का तापमान 32 डिग्री तक रहा। कई दफ्तरों में कार्मिक पंख चलाकर काम करते हुए दिखाई दिए। पौड़ी-श्रीनगर हाईवे पर अमाकोटी के सिविल जंगल में आग लगने के कारण यहां धुंध छाई रही। डीएफओ सिविल सोयम पौड़ी प्रदीप कुमार ने बताया कि फायर का कोई अलर्ट आया नहीं है। अमकोटी के जंगल में आग को लेकर मौके पर टीम को भेजा जा रहा है।

## 12 ग्रामसभाओं में दो दिनों से पानी किल्लत

पौड़ी। बीरोंखाल के 12 ग्रामसभाओं को पानी का संकट गहरा गया है। डुमैला मल्ला-बीरोंखाल पंपिंग पेयजल योजना से दो दिनों से पानी नहीं आपूर्ति नहीं होने से सीएचसी बीरोंखाल, बीरोंखाल बाजार सहित कई गांवों में पानी कि किल्लत हो गई हैं। इससे लोगों में रोष है। ग्रामीणों का कहना हैं कि पानी नहीं आने से लोगों को कई किलोमीटर से पानी ढोने को मजबूर हैं। वहीं भटवाड़ु-रगड़ीगाड़ पेयजल योजना भी पर एक सप्ताह पानी नहीं आ रहा हैं। बीरोंखाल व्यापारी संजय सिहं, अनिल डिमरी, गिरीश रावत ने बताया कि डुमैला मल्ला-बीरोंखाल पंपिंग योजना पर पानी सप्लाई नहीं होने से डुमैला मल्ला, नाकुरी, सिसई, ब्लाक, अस्पताल, बीरोंखाल बाजार, डागू, भमरई आदि गांवों में पानी नहीं आने से वहां कई दूर से लानें को मजबूर हैं। उन्होनें यहां भी बताया कि विभाग द्वारा इन गांवों में पानी की सप्लाई करने के लिए टैंकर की व्यवस्था तक नहीं कर रखी है। बीरोंखाल ब्लाक, अस्पताल के कर्मचारी रिखाड़, मैठाणाघाट से टैक्सियों में पानी ला रहें हैं। वहीं रगडीगाड़ निवासी अनिल सिंह का कहना है कि उनके गांवों में जल संस्थान की दो पेयजल योजना है लेकिन दोनों योजनाओं में पानी नहीं आ रहा हैं। इससे ग्रामीणों के सामने पेयजल की समस्या खड़ी हो गई हैं। जलसंसथान अवर सहायक अभियंता सौरभ पांडे से संपर्क करने पर बताया कि बारह ग्रामसभाओं में शीघ्र पानी की सप्लाई सुचारु कर दी जाएगी।

# हल्द्वानी की रबड़ की गुड़िया, 7 साल की हर्षिका रिखाड़ी ने योग में जीता गोल्ड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी 30 मई : 26 मई से हरिद्वार में आयोजित वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासन स्पोर्ट्स में हर्षिका ने स्वर्ण पदक जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन कर दिया है। हल्द्वानी की कक्षा 3 में पढ़ने वाली 7 वर्षीय हर्षिका रिखाड़ी छोटी सी उम्र में योग के ऐसे-ऐसे आसन कर लेती हैं जिससे लोग भी आश्चर्यचकित हो जाते हैं।

हर्षिका पिछले 1 साल से देशभर की योग प्रतियोगिताओं में कई मेडल अपने नाम कर चुकी हैं साथ ही उनकी जिम्नास्टिक में भी बहुत रूचि है। बीते 26 मई को वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन ऑफ योगासन स्पोर्ट्स की ओर से हरिद्वार में 5 से 10 आयु वर्ग के ट्रेडिशनल योगा में हर्षिका रिखाड़ी ने गोल्ड मेडल हांसिल किया है। उन्होंने इस दौरान आर्टिस्टिक में डेमो परफॉरमेंस भी दिया।

हर्षिका ने छोटी सी उम्र से ही अपने शहर के साथ-साथ पूरे उत्तराखंड का नाम भी रोशन किया है। उनका अगला लक्ष्य है कि वे अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतकर उत्तराखंड का नाम रोशन करें हर्षिका के पिता भुवन रिखाड़ी बताते हैं कि वे पिछले 2 साल से योग की ट्रेनिंग ले रही हैं और इस दौरान हर्षिका ने राज्य स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक कई पुरस्कार जीते हैं। वो अब योगासन के साथ-साथ जिम्नास्टिक के क्षेत्र में अपना भविष्य संवारने की तैयारी कर रही है।





# अंग्रेजों से नाराज राजा ने बनाया था मसूरी महल





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 30 मई , ब्रितानी हुकूमत में अंग्रेज हुक्मरान देसी राजाओं को भोग-विलासी, जरूरत से ज्यादा पैसा उड़ाने वाले, अनावश्यक अमीरी का प्रदर्शन करने वाले, सनकी और औरतबाज समझते थे. पटियाला और कपूरथला के राजाओं के नाम उनमें जरूर लिए जाते थे. खासकर पटियाला, कपूरथला और धौलपुर के राजाओं के बीच काफी दोस्ती भी थी. लेकिन इन तीनों राजाओं से एक बार ब्रिटिश हुकूमत नाराज हो गई. उन पर बैन लगा दिया गया. उन्होंने वायसराय की बीवी को साड़ी पहना दी थी. और ये फोटो ना जाने कैसे ब्रिटेन के एक टैबलॉयड में छप भी गई. इसके बाद तहलका मच गया.

राजाओं की शानो शौकत ही अलग थी

जब वायसराय लार्ड कर्जन भारत आए तो कपूरथला, पटियाला और धौलपुर के राजा नए वायसराय और उनकी पत्नी के करीबी बन गए. लेकिन एक घटना ने उनकी ये दोस्ती खत्म कर दी.हुआ ये कि एक बार तीनों राजाओं ने शिमला में मिसेज कर्जन को राजिंदर सिंह ने भव्य महल में डिनर पर आमंत्रित किया. खाने से पहले मिसेज कर्जन ने पूरे भारत में जेवरों के लिए प्रसिद्ध पटियाला राजघराने के जेवर देखने की इच्छा जाहिर की. उनकी इच्छा तत्काल पूरी की गई.श्रीमती कर्जन ने मोतियों का कीमती हार (जिसका लॉयड कंपनी ने लाखों का बीमा कर रखा था) और दुर्लभ नीले हीरों से जड़ा मुकुट पहना. ये सभी पटियाला राज्य की धरोहर माने जाते थे. तब महाराजा पटियाला यानि राजिंदर सिंह ने कहा, "ये गहने तो साड़ी पर ही जचेंगे. क्या आप मेरी दादी की साड़ी पहनना चाहेंगी."

तीनों राजाओं ने लेडी कर्जन को साड़ी पहनने को कहा

अभिजात वर्ग की शायद ही कोई महिला इस प्रस्ताव को ठुकराती. इसमें एक तरह का कौतूहल भी था. भारतीय रानी जैसी दिखने की उत्सुकता भी. लेडी कर्जन ने सोने की जड़ी वाली साड़ी पहनी. फिर इसके ऊपर पटियाला राजघराने के जेवरात पहने. वह बेहद आकर्षक लग रही थीं. इस पल को यादगार बनाने के लिए उन तीनों युवा राजाओं ने प्रस्ताव रखा कि क्यों ना इसकी एक तस्वीर ली जाए.संयोग से वहां उस समय प्रसिद्ध फोटोग्राफर लाला दीनदयाल भी बतौर मेहमान मौजूद थे. उन्होंने यादगार फोटो खींची. ये उन तीनों राजाओं का दुर्भाग्य था कि ये तस्वीर ब्रिटेन के एक टैबलॉयड अखबार में छप गई. ब्रिटेन के लोगों के लिए भारतीय रानी की पोशाक में वायसराय की बीवी की फोटो ने तहलका मचा दिया. इसे लेकर लॉर्ड कर्जन से पूछताछ भी हुई.

कर्जन को तीनों राजाओं पर बहुत गुस्सा आया

लॉर्ड कर्जन को बहुत गुस्सा आया. उसने इन तीनों राजाओं के शिमला में घुसने पर पाबंदी लगा दी. दूसरे राजाओं से भी कह दिया गया कि अब वो शिमला तभी आ पाएंगे जब इसके लिए अनुमति लें. पटियाला के महाराजा राजिंदर सिंह को ये बात बहुत नागवार गुजरी कि अंग्रेज कैसे उन पर ये पाबंदी लगा सकते हैं. कर्जन के रवैये से आहत होकर उन्होंने शिमला से 60 किलोमीटर दूर चैल नामक गांव में अपनी ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाई.

समुद्र तल से 3000 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ये जगह अब देश के सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशन में तब्दील हो चुका है. राजा ने वहां दुनिया की सबसे ऊंची क्रिकेट पिच बनाई, जहां ब्रिटिश, ऑस्ट्रेलियाई और भारतीय क्रिकेटर आकर क्रिकेट का आनंद लेते थे. यहां से कैलाश ग्लेशियर और हिमालय की चोटियों का आकर्षक दृश्य नजर आता है. तो इस तरह चैल के बारे में जब चर्चा चले तो ये जरूर जान लें कि ये ऐसा हिल स्टेशन है जो एक भारतीय राजा ने वायसराय से नाराज होकर बनवाया था. कपूरथला के महाराजा जगतजीत सिंह ने शिमला से सौ किलोमीटर दूर मसूरी में शानदार हवेली बनवाई. मसूरी भी अंग्रेजों का प्रिय हिल स्टेशन था. जगतजीत की हवेली फ्रांसीसी आर्किटेक्ट से प्रेरित थी. इसके भीतर एक से एक नायाब चीजें और वास्तुशिल्प था. मौज मस्ती के साधे साधन मौजूद थे.

# उत्तराखंड : हाईस्कूल पास करने वाले इन छात्र-छात्रों को मिलेंगे 1200 रुपये प्रतिमाह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 मई : उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में 80 फीसदी या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 5838 मेधावी छात्रों को कक्षा 11 में हर महीने 1200 रुपये छात्रवृत्ति दी जाएगी।

सभी पात्र छात्रों को जल्द से जल्द छात्रवृत्ति का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। उत्तराखंड बोर्ड का रिजल्ट आने के बाद छात्रों के अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रदेश सरकार उन्हें मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत कक्षा 11 वीं से हर महीने 1200 रुपए देने जा रही है। बोर्ड की कक्षा 10वीं में जिन अभ्यर्थियों ने 80 प्रतिशत व इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं ऐसे 5838 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतिमाह 1200 रुपये दिए जायेंगे। अपने अंकों की बदौलत इन छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना की पात्रता को पूरा कर लिया है। इस योजना के तहत उन्हें उनकी



मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया जाएगा, जिससे उनकी शिक्षा और आगे की पढ़ाई में मदद मिलेगी।डीजी-शिक्षा बंशीधर तिवारी ने बताया कि सभी पात्र अभ्यर्थियों को जल्द ही छात्रवृत्ति का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। सभी पात्र छात्रों को 11वीं में तो यह राशि मिलेगी ही लेकिन यदि छात्र इसे 12वीं कक्षा में भी जारी रखना चाहते हैं तो उन्हें ग्यारहवीं कक्षा में 75 प्रतिशत हाजिरी रखनी होगी साथ ही गृह परीक्षा में उनके कम से कम 75 प्रतिशत अंक आने चाहिए। जिसके बाद बारहवीं में भी यह प्रोत्साहन राशि प्रत्येक महीने मिलती रहेगी।

# डीएम खुराना ने ली आगामी मानसून अवधि में अतिवृष्टि, बाढ, भूस्खलन एवं नदियों का जल स्तर बढ़ने पर आम जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने समस्त विभागों को आगामी मानसून अवधि में अतिवृष्टि, बाढ, भूस्खलन एवं नदियों का जल स्तर बढ़ने पर आम जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी तैयारियां पूर्ण करते हुए विशेष सर्तकता बरतने के निर्देश जारी किए है। ताकि प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति को न्यून किया जा सके। उन्होंने सड़क निर्माणदायी संस्थाओं को निर्देशित किया है कि मानसून अवधि में सड़क मार्ग अवरूद्ध होने की स्थिति में अबिलंब मार्ग को सुचारू करने हेतु पर्याप्त संख्या में मशीनें तैनात की जाए। बरसात से पहले सड़क की नालियों, कलवटों की सफाई की जाए।

सिंचाई विभाग को नदियों के जलस्तर की नियमित रिपोर्ट उपलब्ध कराने तथा नदी किनारे संवेदनशील स्थलों को खाली कराकर जनधन की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा गया है। नगर पालिका क्षेत्रों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था, पुलिस विभाग को पर्याप्त संख्या में राहत बचाव दल तथा स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सकों की तैनाती के साथ ही जीवन रक्षक दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने को कहा गया है। पूर्ति विभाग को मानसून अवधि के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में खाद्यान्न, रसोई गैस एवं अन्य सामग्री का समुचित भण्डारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है।

वन विभाग एवं जिला पंचायत को वैकल्पिक मार्गो को दुरुस्त रखने, विद्युत, उरेडा, जल संस्थान को विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति बाधित होने पर तत्काल सुचारू करने, तहसील प्रशासन को 24x7 की तर्ज पर कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए आपदा के समय विभागीय समन्वय के साथ त्वरित राहत एवं बचाव कार्य करने के निर्देश दिए गए है।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अपने विभागीय स्तर पर नोडल अधिकारी नामित करते हुए विभाग से संबंधित सूचनाएं नियमित रूप से जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र गोपेश्वर को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए है।

## संक्षिप्त खबरें

### कार्यक्रम में भावी इंजीनियरों को दी जानकारी

पौड़ी। जीबीपंत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान घुड़दौड़ी के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग विभाग में बुधवार को उभरती प्रौद्योगिकी में उन्नति विषय पर संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. वीएन काला ने किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डा. राजेश कुमार द्वारा संकाय विकास कार्यक्रम का महत्व बताया गया। इस डेवलपमेंट प्रोग्राम में इलेक्ट्रॉनिक विभाग के सभी फैकल्टी मौजूद रहे। संकाय विकास कार्यक्रम 3 जून तक चलेगा। फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, इलेक्ट्रॉनिक्स के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कंट्रोल एंड ऑटोमेशन आईओटी, एनालॉग इलेक्ट्रॉनिक्स डिजाइन, एंबेडेड सिस्टम एंड सिगनल प्रोसेसिंग टॉपिक पर आधारित है। कार्यक्रम में आईआईटी, एनआईटी सेंट्रल यूनिवर्सिटी, डीटीयू दिल्ली, इंडस्ट्री के टेक्निकल एक्सपर्ट भाग ले रहे है।

### बाइक दुर्घटना में घायल युवक की भी उपचार के दौरान हुयी मृत्यु

चमोली। शुक्रवार को कंडारीखोड़ बच्छुवाबाण लिंक मोटर मार्ग पर हुई बाइक दुर्घटना में गंभीर अवस्था में घायल 22 वर्षीय हेमंत पुत्र सुरेन्द्र सिंह ग्राम बच्छुवाबाण तल्ला का हल्द्वानी अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है। बतादें के शुक्रवार सुबह इस लिंक मोटर मार्ग पर एक बाइक अनियंत्रित होकर करीब 40 मीटर गहरी खाई में गिर गई थी। इस दुर्घटना में कंडारीखोड़ निवासी 11 वर्षीय आजस्विन पुत्र स्व कलम सिंह की मृत्यु हो गई थी। वही अब गंभीर घायल हेमंत ने भी उपचार के दौरान हल्द्वानी अस्पताल में गत 28 मई की रात दम तोड़ दिया। पूर्व प्रधान पान सिंह और जिपंस अवतार पुण्डीर का कहना है कि सड़क खस्ताहाल होना ही दुर्घटना का कारण बनी है।

### काश्तकारों को दिया गया प्रशिक्षण

चमोली। नारायणबगड़ विकासखंड के ग्राम सभा जुनेर के धुलेट गांव में अनुसूचित जाति बस्ती में हेल्पेज इंडिया के द्वारा स्वाबलंबन परियोजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आत्मा परियोजना के अंतर्गत नगदी फसलों, सब्जी उत्पादन, बेमौसमी सब्जी उत्पादन, मोटे अनाज, बागवानी समेत अन्य कई प्रकार की जानकारियां काश्तकारों को दी गई कि किस प्रकार से काश्तकार प्राकृतिक खेती कर अधिक मुनाफा कमा सकते हैं। यह जानकारी काश्तकारों को दी गई इसके अलावा फसलों का बीमा करने और कृषकों की आय दुगनी करने के लिए काश्तकारों को अनेक प्रकार की जानकारियां दी गई। वहीं प्रशिक्षण में मानवेंद्र सिंह नेगी, गजेंद्र परिहार, भूपेंद्र बर्तवाल, संतोषी देवी, कमला देवी, सुरेशी देवी, रामेश्वरी देवी समेत बड़ी संख्या में काश्तकार मौजूद रहे।

### चौदह साल बाद मां चंडिका की दयोरा यात्रा निकलेगी

चमोली। गोलगोविंद मां गुणसाई राज राजेश्वरी चंडिका देवी सिमली की दयोरा भ्रमण यात्रा सात सितंबर से शुरू होगी। मंगलवार को चंडिका देवी मंदिर समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। 14 साल बाद होने वाले चंडिका देवी भ्रमण यात्रा होगी। मंदिर समिति अध्यक्ष हेमंत टकोला, उपाध्यक्ष मलक नेगी, सचिव देवेंद्र रावत, कोषाध्यक्ष इंद्र सिंह नेगी ने बताया कि 7 सितंबर को शुभ मुहूर्त पर देवी अपने गर्भगृह से बाहर आएंगी। तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान, ब्रह्मबंधन के साथ 11 सितंबर से देवी की छह माह की भ्रमण यात्रा शुरू होगी। बैठक में जाख, सुंदर गांव, सिमली, कोली, पुडियाणी, गैरोली, सेनू गांवों के लोग, मालगुजारों के अलावा ब्रह्मगुरु बिशंभर दत्त सती, मंदिर के पुजारी प्रदीप गैरोला, कृष्णा गैरोला, पारेश्वर कंडवाल, कांति प्रसाद, महिपाल लडोला, कृष्णा सिंह, बलबीर लड़ोला, मनोज पुंडीर, भगत सिंह आदि मौजूद रहे।

# क्या आप जानते हैं केदारनाथ का महाभारत कनेक्शन ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून , 30 मई , केदारनाथ धाम प्राचीन काल से हिन्दू धर्म का पवित्र तीर्थ स्थल रहा है. केदारनाथ निर्माण को जुड़ी बहुत सी पौराणिक कथाएं प्रचलित है जिसमें से एक कथा के अनुसार पांडवों द्वारा केदारनाथ मंदिर का निर्माण करवाया गया था.द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक केदारनाथ धाम में भगवान शिव 'लिंग' रूप में विराजमान हैं. इस मंदिर के कपाट हर साल अप्रैल और मई माह में खुलते है और लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शन करने आते हैं. कहा जाता है कि यहां भगवान शिव द्वारा धारण किए गए भैंसे के रूप के पिछले भाग की पूजा की जाती है.

केदारनाथ धाम का पांडवों से संबंध

केदारनाथ धाम का उल्लेख स्कंद पुराण के केदार खंड में मिलता है. जिसके अनुसार, केदार वह स्थान है जहां भगवान शिव अपने उलझे बालों से पवित्र गंगा को मुक्त करते हैं. केदारनाथ मंदिर से जुड़ी एक पौराणिक कथा के अनुसार, महाभारत का युद्ध समाप्त होने के बाद पांडवों सभी कौरव भाइयों और अन्य बंधुओं की हत्या के पाप से मुक्ति पाना चाहते थें. जिसके लिए वह भगवान शिव की खोज में हिमालय की ओर गए. पांडवों को अपनी ओर आता देख भगवान शिव अंतर्ध्यान होकर केदार में जा बसे. पांडवों को जब यह पता चला तो वह भी भगवान शिव के पीछे केदार पर्वत पहुंच गए.

भगवान शिव ने धारण किया भैंसे का रूप

जब पांडव भी केदार पर्वत पहुंच गए तब उन्हें देख भगवान शिव ने एक भैंसे का रूप धारण कर लिया और पशुओं के बीच में चले गए. भगवान शिव के दर्शन पाने के लिए पांडवों ने एक योजना बनाई. जिसके बाद भीम ने विशाल रूप धारण कर अपने दोनों पैर केदार पर्वत के दोनों और फैला दिए. सभी पशु भीम के पैरों के बीच से गुजर गए, लेकिन भैंसे के रूप में भगवान शिव ने जैसे ही पैरों के नीचे से निकलने की कोशिश की तभी भीम ने उन्हें पहचान लिया. भगवान शिव को पहचान कर भीम ने भैंसे को पकड़ना चाहा तो वह धरती में समाने लगा. तब भीम ने भैंसे का पिछला भाग कस कर पकड़ लिया. भगवान शिव पांडवों की भक्ति से प्रसन्न हुए और उन्हें दर्शन देकर पाप से मुक्त कर दिया. कहा जाता है कि तभी से भगवान शिव को यहां भैंसे की पीठ की आकृति के रूप में पूजे जाते हैं. मान्यता है कि इस भैंसे का मुख नेपाल में निकला, जहां भगवान शिव की पूजा पशुपतिनाथ के रूप में की जाती है.

नर- नारायण ने की तपस्या

पौराणिक कथा के अनुसार हिमालय के केदार श्रृंग पर भगवान श्री हरि विष्णु के अवतार महातपस्वी नर और नारायण ऋषि तपस्या करते थे. उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव प्रकट हुए और उनके प्रार्थना अनुसार ज्योतिर्लिंग के रूप में वहां सदा वास करने का वर प्रदान किया. यह स्थान केदारनाथ पर्वतराज हिमालय के केदार नामक श्रृंग पर स्थित है.आदि शंकराचार्य को केदारनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार का भी श्रेय दिया जाता है. इनकी समाधि मंदिर परिसर के ही पीछे है. मान्यता है कि शंकराचार्य यहां खुद ही धरती में समा गए थे. ये भी मान्यता है कि यहां आदि शंकराचार्य ने अपने अनुयायियों के लिए गर्म पानी का कुंड बनवाया था, ताकि वे सर्द मौसम से खुद का बचाव कर सकें.

# यहां पर की जाती है अपराधियों की पूजा चढ़ावे में अर्पित की जाती है शराब

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 30 मई : ऐसा कोई भी नहीं होगा जिन्हें अपराधियों से दूरी बना कर रहना पसंद नहीं हो। समाज ऐसे लोगों से ना ही कोई रिश्ता रखना चाहता है और ना ही इन्हें अपने घर में आने की इजाजत देता है। लेकिन हमारे इसी समाज में एक ऐसा देश है जो इन अपराधियों की पूजा करता है। यहां के लोग अपराधियों को भगवान के तरह पूजते हैं। आपको यह सब सुनकर थोड़ा अजीब लग रहा होगा लेकिन यही सच्चाई है।दरअसल लैटिन अमेरिका के वेनेजुएला में लोग अपराधियों की पूजा करते हैं। यहां के लोग इस दुनिया से गुजर चुके अपराधियों की मूर्ति बनाकर उन्हें पूजते हैं।

स्पेनिश भाषा में इन अपराधी देवताओं को सैंटोस मैलेंड्रोस कहते हैं। पहले के समय के सभी बदनाम अपराधियों के छोटी-छोटी मूर्तियों को एक जगह पर रखा गया है जिसके दर्शन के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। आइए जानते हैं आखिर इन अपराधियों की पूजा क्यों की जाती है। वेनेजुएला में जनता के बीच इन अपराधियों की छवि रॉबिनहुड वाली रही है। ये सभी अपराधी अमीर लोगों की दौलत लूटकर गरीब लोगों के बीच बांट देते थे। यहां के लोग इन अपराधियों की पूजा इसलिए करते हैं क्योंकि इन्होंने किसी की किसी की हत्या नहीं की। सिर्फ अमीरों को लूटा और गरीबों पर लुटाया। स्थानीय लोगों का मानना है कि मैलेंड्रो ने अच्छा काम किया है जिसके लिए इन्हें कुछ इनाम दिया जाना चाहिए।

अगर इनकी पूजा-अर्चना नहीं की जाएगी तो ये हमसे खफा हो जाएंगें। जिस तरह से हमारे भारत में किसी मन्नत के पूरा होने पर चढ़ावा चढ़ाया जाता है ठीक उसी तरह वेनेजुएला के सैंटोस मैलेंड्रोज को भी चढ़ावा चढ़ाया जाता हैअगर वेनेजुएला में कोई इंसान किसी बात से परेशान है, तो वो मैलेंड्रो से मन्नत मांगता है। काम हो जाने के बाद इन सैंटोस मैलेंड्रो को चढ़ावा में शराब चढ़ाया जाता है। लोगों की मान्यता है कि ये खुश होकर उन्हें वरदान देते हैं और उनका काम बन जाता है। हां लोग इस बात की सलाह देते हैं कि इन अपराधियों को चढ़ावे में ज्यादा शराब नहीं दी जानी चाहिए। वरना, ये काम छोड़कर जश्न मनाने में मशगूल हो जाएंगे। बेहतर होगा कि इन्हें चखने भर के लिए बीयर दी जाए, ताकि लोगों का काम भी बन सके।

## संक्षिप्त खबरें

### आपदा प्रभावित गावों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

नई टिहरी। जिले के 98 आपदा प्रभावित गांवों की निगरानी के लिए सोमवार को डीएम मूयर दीक्षित ने 98 नोडल अधिकारियों को नामित किया है। डीएम ने नोडल अधिकारियों से आगामी 10 जून से पूर्व इन गांवों में रात्रि विश्राम कर आपदा प्रबंधन को लेकर कराए जाने वाले आवश्यक कार्यों की रिपोर्ट मांगी है। बुधवार को जानकारी देते हुए डीएम मयूर दीक्षित ने बताया कि इंजीनियरिंग विभागों के यह अधिकारी संबंधित गांव में पूर्व में बादल फटने, भूस्खनल, नदी और गदेरे से हुए नुकसान, सड़क मलबा आदि से नुकसान का जायजा लेंगे। वहां अब तक कराए गए कार्य और नए कार्यों को लेकर भी ग्रामीणों से चर्चा करेंगे। मानसून सीजन में जनपद के संवेदनशील गांवों में दैवी आपदा का आकलन और प्रबंधन को लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू की है। इसके तहत 98 आपदा प्रभावित गांवों का सर्वे कर वहां अनुमन्य कार्य किए जाने को लेकर 98 अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। यह अधिकारी उनको आवंटित गांवों में रात्रि प्रवास कर समस्याएं देखेंगे। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों से बातचीत कर अपनी रिपोर्ट देंगे। डीएम ने बताया कि वहां कराए जाने वाले जरूरी कार्यों के लिए आपदा फंड से धनराशि की व्यवस्था कराई जाएगी। बताया कि चिन्हित 98 गांवों में टिहरी तहसील के 6, जाखणीधार 2, प्रतापनगर के 7, घनसाली के 14, बालगंगा के 16, कीर्तिनगर के सर्वाधिक 25, देवप्रयाग के 5, नरेंद्रनगर के 3, धनोल्टी के 17, नैनबाग के 3 गांव शामिल हैं। नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि रात्रि प्रवास के दौरान ग्रामीणों सहित वहां तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के साथ बैठक कर 18 जून तक संबंधित तहसीलों के एसडीएम के माध्यम से रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। इन गांवों में धनोल्टी तहसील के वह गांव भी शामिल हैं जहां गत वर्ष बांदल नदी में मूसलाधार बारिश से भारी नुकसान हुआ था। आपदा के कारण प्रभावित पक्के व कच्चे घर, स्कूल, सार्वजनिक भवनों आदि की स्पष्ट जानकारी मांगी गई है।

### डीएवी में लाइब्रेरी रिनोवेशन ना होने पर छात्रों का हंगामा

देहरादून। डीएवी पीजी कालेज में पिछले करीब आठ माह से लाइब्रेरी का पुनर्निर्माण कार्य ना होने से गुस्साए छात्रों ने बुधवार को हंगामा किया। उन्होंने प्राचार्य का घेराव कर काम जल्द पूरा करवाने की मांग की। छात्रों को आरोप था कि कार्यदायी संस्था को 80 प्रतिशत का भुगतान भी कर दिया गया है। छात्रसंघ अध्यक्ष अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि करीब आठ माह से काम चल रहा है। जबकि काम का ठेका लेने वाली एजेंसी पीडब्ल्यूडी को कुल बजट 48 लाख के करीब 80 प्रतिशत का भुगतान भी हो चुका है। इसके बावजूद काम अटका हुआ है। जिससे छात्रों को पढ़ाई में काफी दिक्कत हो रही है। उन्होंने कार्यदायी विभाग व ठेकेदार पर भी लापरवाही का आरोप लगाया। छात्रसंघ महासचिव सुमित कुमार ने कहा कि कालेज प्रबंधन और निर्माण एजेंसी छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

# अब कीजिये नेपाल की सैर, दून से उड़ेगा जहाज़

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 30 मई , उत्तराखंड की राजधामी देहरादून से काठमांडू के बीच जल्द हवाई सेवा शुरू होगी। हवाई जहाज के उड़ान भरने का यह प्लान बताता है कि अनुबंध के बाद कंपनी को 60 दिन में सेवा शुरू करनी होगी। शुरुआत में कंपनी के साथ एक साल का अनुबंध होगा। इसे एक साल और बढ़ाया जा सकेगा। अनुबंध के अनुसार कंपनी 70 सीटर विमान से सेवाएं देगी। तो आप भी तैयार हो जाइये नेपाल की सैर को क्योंकि उत्तराखंड सरकार देहरादून से काठमांडू तक हवाई सेवा शुरू करने जा रही है।उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) ने देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट से काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच हवाई सेवा को टेंडर जारी किए थे।इस में दो कंपनियों ने रुचि दिखाई। यूकाडा के सीईओ सी. रविशंकर ने देहरादून में इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टेंडर इसी सप्ताह खोले जाने है, जिसके बाद किसी एक कंपनी का चयन किया जाएगा।अनुबंध के बाद कंपनी को 60 दिन में सेवा शुरू करनी होगी। शुरुआत में कंपनी के साथ एक साल का अनुबंध होगा। इसे एक साल और बढ़ाया जा सकेगा। अनुबंध के अनुसार कंपनी 70 सीटर विमान से सेवाएं देगी। कंपनी को सप्ताह में आने-जाने की तीन उड़ानें भरनी होंगी।





# अभिनेत्री सना मकबूल और अंश शेखावत पहुंची परमार्थ निकेतन

■ स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी से भेंट कर लिया आशीर्वाद

■ पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति, संस्कृति व संस्कारों के संवर्द्धन हेतु किया प्रेरित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश, 30 मई , परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने अन्तर्राष्ट्रीय माउंट एवरेस्ट दिवस के अवसर पर प्लास्टिक मुक्त पर्यटन, तीर्थाटन और पर्वतारोहण का संदेश देते हुये कहा कि दुनिया के इस नायाब खजाने को जीवंत व जागृत रखने के लिये इस पर एकत्र हो रहे प्लास्टिक कचरे पर रोक लगानी होगी। स्वामी जी ने कहा कि माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर पर्वतारोहियों ने कई नये रिकॉर्ड बनाये हैं, साथ ही हिमालय की यह चोटी अपने आप में प्रकृति व परमात्मा का एक अद्भुत रिकॉर्ड है। दुनिया का यह सबसे ऊँचा पर्वत, भारत का सरताज व संरक्षक भी है। हिमालय की गोद में भारत की आत्मा बसती है। हिमालय ने भारत के प्राकृतिक सौन्दर्य एवं सांस्कृतिक विरासत को संजो कर रखा है परन्तु अब हिमालय के अस्तित्व की बात है। हिमालय है तो हम हैं और हिमालय है तो गंगा है।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि दुनिया की किसी भी पर्वत श्रृंखला में समाज को जीवन, साहस और समृद्धि प्रदान करने की शक्ति नहीं है, जितनी हिमालय के पास है। हिमालय ने जनसमुदाय के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। भारत को आकार देने में हिमालय का महत्वपूर्ण योगदान है। हिमालय का संबंध भारत से ही नहीं बल्कि भारत की आत्मा से है। हिमालय भारत की भौतिक समृद्धि, दिव्यता, प्राकृतिक भव्यता, सांस्कृतिक सौंदर्य की एक पवित्र विरासत है जिसने भारतीय मूल्यों को अपने में सहेज कर रखा है। हिमालय लगभग 5 करोड़ से अधिक आबादी को आवास, भोजन और सुरक्षा प्रदान करता है इसलिये अब हिमालय सहित अन्य सभी पर्वत



श्रृंखलाओं के अस्तित्व को बनाये रखने के लिये मिलकर कदम बढ़ाने होंगे।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी और साध्वी भगवती सरस्वती जी ने अभिनेत्री व मॉडल सना मकबूल और अंश शेखावत को फिल्मों व सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करने हेतु प्रेरित किया। स्वामी जी ने कहा कि फिल्में व कलाकार दोनों ही विशेषकर युवाओं कि रोलमॉडल होते हैं इसलिये यह जरूरी है कि ऐसी फिल्मों का निर्माण हो जिससे समाज में वैचारिक प्रदूषण न फैले।

स्वामी जी ने कहा कि आज संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस भी है। आज उन सभी शांति सैनिकों की बहादुरी और प्रतिबद्धता को स्वीकार करने का दिन है जिन्होंने शांति की खोज में अपने जीवन का बलिदान कर दिया। इस वर्ष की थीम ''भविष्य के लिए फिट और एक साथ बेहतर निर्माण'' वास्तव में वर्तमान समय में इसी की जरूरत है कि हम सभी संकटों व संघर्षों से उपर उठकर एक समृद्ध दुनिया के निर्माण हेतु अपनी-अपनी भूमिकाओं को स्वीकार करें और एक बेहतर भविष्य का निर्माण को बढ़ावा दें।

साध्वी भगवती सरस्वती जी ने कहा कि यह समय विश्व शांति और सुरक्षा को बनाए रखने व बहाल करने की प्रतिबद्धता हेतु एकजुट होने का है। यह समय संघर्ष से शांति की ओर बढ़ने का है ताकि सभी को एक समान, न्यायपूर्ण और टिकाऊ दुनिया व भविष्य प्राप्त हो सके। साध्वी जी ने कहा कि सभी राष्ट्र व संगठन सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण चाहते हैं इसलिये सभी को मिलकर एकजुट होकर प्रयास करना होगा ताकि उसके परिणाम भी बेहतर प्राप्त हो सके।

## दुकानों में लगी आग से लाखों का सामान राख

नई टिहरी। जौनपुर ब्लॉक के थत्यूड़ बाजार स्थित एक सीएससी और टेलर की दुकान में बुधवार को आग लग गई। आग से दुकान में रखा सामान जलकर राख हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची तहसील प्रशासन की टीम ने जांच रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थत्यूड़ बाजार की ब्लॉक रोड पर स्थित सीएससी सेंटर और साथ में लगी एक टेलर की दुकान में आग लगने से दुकान में रखा सामान जल गया। बुधवार सुबह 7 बजे आसपास के व्यापारियों ने जब दुकान के अंदर से धुआं उठता देखा तो सीएससी संचालक प्रमोद चमोली तथा अक्षित टेलर दुकान संचालक जय दास को इसकी खबर दी। अन्य व्यापारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान दोनों दुकान स्वामी जबतक दुकान पहुंचे, तब तक दुकान के अंदर रखा सारा सामान जल चुका था। आग लगने की सूचना पर क्षेत्रीय राजस्व उप निरीक्षक सेवकराम शर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि संभवता बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट होने से दुकान में आग लगी है। सीएससी संचालक प्रमोद चमोली के अनुसार उनकी दुकान में रखी नकदी व कम्प्यूटर समेत लाखों का सामान आग की भेंट चढ़ गया। वहीं व्यापारी जय दास ने बताया कि, आग लगने से दुकान में रखे तैयार कपड़ों सहित अन्य नुकसान हुआ है। राजस्व टीम ने मौका मुआयना कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी। व्यापार मंडल अध्यक्ष अकवीर पंवार, महामंत्री विक्रम चौहान, सुरेंद्र रावत, कुलबीर रावत, संजय सेमवाल, जयवीर गुसाईं ने शासन-प्रशासन से पीड़ित दुकानदारों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

## अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया

नई टिहरी। वन विभाग की ओर से बुधवार को केमुंडाखाल-चमियाला से सेंदुल-घनसाली चारधाम यात्रा मोटर मार्ग पर अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभाग की टीम ने स्थानीय लोगों और चारधाम यात्रियों को अग्नि सुरक्षा से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। डिप्टी रेंजर रमेश प्रसाद डंगवाल के नेतृत्व में बालगंगा वन राजी मोबाइल टीम, गस्ति दल ने संयुक्त रूप अग्नि सुरक्षा के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने चारधाम यात्रियों को वनाग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। उन्होंने यात्रियों को प्लास्टिक कचरा एवं ज्वलनशील वस्तुओं को रोड़ के किनारे पर न डालने तथा सड़क किनारे भोजन बनाने को आग न जलाने अपील की। इस मौके पर टीम ने मोटर मार्ग के किनारे पिरुल एवं प्लास्टिक कूड़ा एकत्र कर साफ सफाई की। रेंज अधिकारी प्रदीप चौहान ने बताया कि, लगातार हो रही वनाग्नि की घटनाओं को देखते हुए यात्रा मार्ग पर लोगों को सावधानी बरतने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि, अगर कोई व्यक्ति लापरवाही या जानबूझकर आग लगाते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मनगर में स्पेशल ब्रांच के सिपाही से मारपीट, मुकदमा दर्ज

देहरादून। प्रेमनगर चौक पर स्पेशल ब्रांच के सिपाही के साथ मारपीट की गई। मामले में पुलिस मंगलवार को तीन नामजद और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालते हुए मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ प्रेमनगर गिरीश नेगी ने बताया कि आरक्षी मनोज चौधरी स्पेशल ब्रांच डाकपत्थर में तैनात हैं। बीते 27 मई को रात करीब साढ़े नौ बजे वह प्रेमनगर चौक पर सूचना जुटाने पहुंचे। उन्होंने अपनी कार पार्क की। तभी राणा मोबाइल गैलरी के मालिक अमित राणा, राजीव राणा और इंद्र सिंह निवासी विंग सात प्रेमनगर और चार अन्य लोग उनके पास आए। कार वहां से हटाने को दबाव बनाया। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उग्र रूप दिखाते हुए मारपीट शुरू कर दी। जबकि, पीड़ित ने खुद के सरकारी सेवा में होने और सूचना जुटाने के लिए आने का परिचय दिया। आसपास के लोग बीच बचाव को आए। तब आरोपियों ने छोड़ा। पीड़ित ने मेडिकल कराने के बाद पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने राजीव राणा, इंद्र सिंह, अमित राणा और चार अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मुख्य सचिव ने परखी उपराष्ट्रपति के दौरे की तैयारी

देहरादून। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आगामी 30 मई को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के नैनीताल और उधमसिंह नगर दौरे की सभी तैयारी समय पर पूरी करने के निर्देश दिए हैं।बुधवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आयुक्त कुंमाऊ मंडल, पुलिस उप महानिरीक्षक कुंमाऊ, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल और उधमसिंह नगर को उप राष्ट्रपति के भ्रमण के दौरान प्रस्तावित कार्यक्रम पर उप राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा दिए गए निर्देशानुसार समस्त व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मुख्य सचिव ने उप राष्ट्रपति के प्रस्तावित कार्यक्रम के दौरान एयरपोर्ट, हैलीपेड के साथ ही कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था रखने को कहा। उन्होंने बीएसएनएल को एयरपोर्ट, हैलीपेड और दूसरे कार्यक्रम स्थल में मानकों के अनुसार हाट लाइन, वाई-फाई कनेक्शन की व्यवस्था एनआइसी के साथ समन्वय बनाते हुए करने को कहा। बैठक में पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव दिलीप जावलकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित हुए।

## कैबिनेट मंत्री ने किया सामुदायिक भवन कार्य का निरीक्षण

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत गढ़ीकैंट में लगभग 12 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। कैबिनेट मंत्री ने संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्धारित समय में निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार जिन योजनाओं का शिलान्यास करती है, उनका लोकार्पण भी करती है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए समयबद्ध तरीके से काम कर रही है। निश्चित तौर पर सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर गढ़ी कैंट के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर विष्णु गुप्ता, मनोज छेत्री, सारिका खत्री, एई शशांक सक्सेना, मुकेश उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड में रेडीमेड गारमेंट्स के व्यापार की अपार संभावनाएं-सूर्यकांत

देहरादून। उत्तराखंड गारमेंट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स एंड एजेंट्स ऐसोसिएशन की शीतकालीन परिधानों की प्रदर्शनी बुधवार से शुरू हो गई है। यह प्रदर्शनी हरिद्वार रोड स्थित एक वेडिंग प्वाइंट में चलेगी। शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने किया।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड एक नवोदित युवा राज्य है और इसमें स्थाई निवासियों के अलावा यहां हर वर्ष आने वाले पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की संख्या यहां की आबादी से ज्यादा है, इसलिए यहां उपभोग की वस्तुओं चाहे वो परिधान हों या भोजन इनके व्यापार की अपार संभावनाएं हैं।

कहा कि रोटी कपड़ा और मकान मनुष्य के उपभोग की वह वस्तुएं हैं, जिनकी आवश्यकता है इंसान को है चाहे वह कितना गरीब से गरीब हो या फिर अमीर से अमीर इसलिए इन चीजों का व्यापार करने वालों को सभी तरह के ग्राहक को ध्यान में रखते हुए अपने उत्पाद बनाने चाहिए। उन्होंने डिस्ट्रीब्यूटर्स और एजेंट्स से अनुरोध किया कि वे बड़े शो रूम वालों के साथ छोटे रीटेल दुकानदारों का भी विशेष ख्याल रखें। इस अवसर पर मुंबई से आए कीर्ति शाह, अशोक ठक्कर, निवर्तमान पार्षद संतोख नागपाल, ऐसोसिएशन के अध्यक्ष सरदार इंदरजीत सिंह, ज़रियाब उपाध्यक्ष, शीतीज दुआ सचिव गुरप्रीत वासू, संयुक्त सचिव,सरदार अमरजीत सिंह, विजय टंडन, नीरज टंडन आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कोलतार से भरा अनियंत्रित ट्रक पलटा, पांच वाहन क्षतिग्रस्त

श्रीनगर गढ़वाल। ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार देर रात को एक डंपर अनियंत्रित होकर घसिया महादेव मंदिर के समीप पलट गया। जिसके कारण सड़क पर खड़े पांच दोपहिया वाहन ट्रक के नीचे आकर चकनाचूर हो गए। पुलिस के अनुसार डंपर ऋषिकेश से तारकोल के ड्रम लेकर कर्णप्रयाग की तरफ जा रहा था। जो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। डंपर में तारकोल के ड्रम रखे होने के चलते फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया। श्रीनगर फायर स्टेशन के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर पवन कुमार ने बताया कि रात 1 बजे के करीब एक डंपर घसियामहादेव के पास अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। कहा कि डंपर के पलटने से सड़क पर तारकोल फैल गया है। साथ में ट्रक के नीचे पाच दोपहिया वाहन दब गए। इससे उनकी टंकी फट गई और पेट्रोल सड़क पर फैल गया। उन्होंने बताया कि कोई अनहोनी ना हो, इसके लिए जब तक वहां से सारा ज्वलनशील पदार्थ हटाया नहीं गया, तब तक फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर ही मौजूद रही।

### स्थानीय हक-हकूकों के लिए निर्णायक लड़ाई की जरूरत : सेमवाल

नई टिहरी। राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवप्रसाद सेमवाल ने टीएचडीसी प्रबंधन द्वारा स्थानीय लोगों के प्रति लंबे समय से किए जा रहे दोयम दर्जे के व्यवहार को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि हक-हकूकों के लिए एक निर्णायक लड़ाई की जरूरत है। उन्होंने कहा कि रात के समय स्थानीय लोगों को टिहरी डैम के ऊपर से नहीं गुजरने दिया जाता है। इससे उन्हें 16 किलोमीटर की अतिरिक्त लंबी दूरी तय करके अपने गांव जाना पड़ता है। कई बार स्वास्थ्य, प्रसव संबंधी दिक्कतों के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जबकि भाखड़ा नांगल बांध जैसे बड़े बांधों के ऊपर से भी 24 घंटे आवाजाही की सुविधा उपलब्ध है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय डोभाल ने कहा कि टिहरी बांध का मालिकाना हक उत्तर प्रदेश से वापस लेकर पूरी तरह से उत्तराखंड को दिया जाना चाहिए। यदि जल्दी ही ऐसा नहीं किया गया तो उनकी पार्टी प्रदेशव्यापी आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगी।

### समिति ने किया महाविद्यालय का निरीक्षण

नई टिहरी। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय की समिति ने बुधवार को राजकीय महाविद्यालय देवप्रयाग में सत्र 2024-25 की संबद्धता विस्तारीकरण को लेकर निरीक्षण किया। समिति ने संयोजक कला प्रो. महंत मौर्य एवं संयोजक विज्ञान प्रो. योगेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता में महाविद्यालय का भौतिक निरीक्षण करते हुए सभी प्रपत्रों की जांच की। महाविद्यालय में संबद्धता के नोडल अधिकारी डॉ. एमएन नैडियाल ने समिति सभी दस्तावेजों व भौतिक सामग्री की जानकारी दी। समिति ने पुस्तकालय, प्रयोगशाला, व्याख्यान कक्ष आदि के निरीक्षण के बाद विवि की संबद्धता विस्तारीकरण को आख्या प्रेषित की। निरीक्षक समिति में डॉ. प्रताप सिंह बिष्ट, डॉ. वंदना, डॉ. अरविंद मोहन पैन्यूली, डॉ. शालिनी रावत, प्रो. एएन सिंह एवं लोनिवि एई यतेन्द्र सिंह रावत शामिल रहे।

### 5 लीटर कच्ची व 96 पव्वे अंग्रेजी शराब पकड़ी

नई टिहरी। कैंपटी और चंबा थाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके विरूद्ध आबकारी एक्ट में मुकदमे दर्ज किए गए हैं। कैंपटी थाना पुलिस ने मंगलवार शाम को आरोपी प्रवीन खणका पुत्र एकराज खड़का निवासी ग्राम राजोरा जनपद डांग नेपाल हाल निवासी भद्रीपुल नैनबाग को टटोर तिराहे से 5 लीटर कच्ची शराब और तुलसीराम पुत्र भीम छेत्री निवासी तुलसीपुर थाना तुलसीपुर डांग नेपाल को लुढेरा पुल के पास से 5 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं चंबा थानाध्यक्ष लखपत सिंह बुटोला ने बताया कि चंबा-मसूरी मोटर मार्ग पर चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने वीरपाल निवासी गाजणा चंबा को 96 पव्वे अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

### कार्यशाला के समापन किये विभिन्न प्रकार के योग

नई टिहरी। टिहरी परिसर एसआरटी में बीएड संकाय के तीन दिवसीय योग कार्यशाला के समापन पर छात्रों ने विभिन्न प्रकार के योग किए। नई शिक्षा नीति के तहत योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को लेकर आयोजक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो. सुनीता गोदियाल ने बताया कि यह कार्यशाला छात्र-छात्राओं के लिए नई शिक्षा नीति के तहत आयोजित की गई। इसे भी विभिन्न पाठ्यक्रम में सम्मिलित कर दिया गया है और योग शिक्षा को बीएड पाठ्यक्रम में भी दो क्रेडिट के रूप में रखा गया है।

# MDDA : उपाध्यक्ष बंशीधर की पहल, जनता की सहूलियत के लिए बनेगी हेल्प डेस्क

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 मई : मसूरी देहरादून परिक्षेत्र के लोगों को जल्द ही नक्शा पास कराने में आ रही समस्या से निजात मिलेगी। सीनियर आईएएस, एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने प्राधिकरण अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए मानचित्र अनुभाग, अनाधिकृत एवं अवस्थापना विकास के कार्यों में तेजी लाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी किए गए। उपाध्यक्ष ने कहा कि आवासीय नक्शों में आम जनता को राहत देने के लिए प्राधिकरण कार्यालय में एक हेल्प डेस्क गठित की जाएगी।

**नक्शों के निस्तारण में हुई देरी तो कार्मिकों पर होगी कड़ी कार्रवाई**

तिवारी ने कहा कि इस डेस्क में ड्रॉफ्टमैन की तैनाती की जाएगी और इस हेल्प डेस्क का उद्देश्य लोगों को नक्शे पास कराने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी म ने कहा कि प्राधिकरण की वेबसाइट पर एप्रूव्ड कॉलोनियों के लिए स्व प्रमाणित नक्शों की व्यवस्था है। ऐसे में लोगों की सहूलियत के।मद्देनजर ड्रॉफ्टमेन उन्हें स्व प्रमाणित नक्शे चयन करने में मदद के साथ ही अन्य सहायता प्रदान करेंगे। इसी के क्रम में उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि आवसीय नक्शों को 15 दिन में पास करने की अनिवार्यता है। इसके मद्देनजर प्राधिकरण के सॉफ्टवेयर में एक फिल्टर दिया जाए ताकि 15 दिन में जिसके भी पास फ़ाइल हो उसे अलर्ट का मैसेज चला जाये। उपाध्यक्ष ने मानचित्र सेल के समस्त कार्मिकों को सख्त चेतावनी दी है कि हर हाल में निर्धारित समय सीमा में मानचित्र का निस्तारण किया जाए। ऐसा न करने की स्थिति में उन्होंने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

**प्राधिकरण में जल्द शुरू होगी ऑनलाइन सुनवाई**

एमडीडीए उपाध्यक्ष ने 4 जून के बाद फिर से समर कैम्प शुरू करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समस्त सहायक अभियंताओं को प्रति माह 10-10 लाख रुपये की कंपाउंडिंग प्रत्येक सेक्टर में कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्राधिकरण के समस्त 12 अनुभागों को उन्होंने पूर्णतः ऑनलाइन करने के लिए कहा है। अभी 7 अनुभाग जैसे नजूल, प्रोपर्टी, खरीद फरोख्त इत्यादि ऑनलाइन नहीं हैं। जिन्हें जल्द ऑनलाइन किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने



यह भी निर्देश दिए कि सुनवाई को भी पूरी तरह से ऑनलाइन किया जाए ताकि लोगों को प्राधिकरण के चक्कर नहीं काटने पड़े, उन्होंने कहा कि इसके लिए एक एप प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराया जाए जिस पर घर बैठकर ही लोग सुनवाई प्रक्रिया में शामिल हो सकें। इसे अगले माह से उन्होंने शुरू करने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष तिवारी ने प्राधिकरण में 2 डाटा एंट्री ऑपरेटर्स की तैनाती के भी निर्देश दिए हैं जिनका कार्य तमाम लोगों की समस्याओं को तारीख के साथ लिखकर कर उन्हें संबंधित व्यक्ति तक पहुँचाने की जिम्मेदारी भी होगी।

## संपादकीय

### बुजुर्गों के बीमे के सच

प्रधानमंत्री मोदी की एक चुनावी गारंटी है कि अब 70 वर्ष की उम्र या उससे अधिक के प्रत्येक नागरिक को 'आयुष्मान' योजना का लाभ मिलेगा। वे 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त ही करा सकेंगे। यदि प्रधानमंत्री की भावना वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवर देने की थी, तो इस आयु-वर्ग के दायरे में 65 साल के वरिष्ठ नागरिक भी रखे जा सकते थे, क्योंकि इस उम्र तक बीमारियां पकने लगती हैं और इलाज की सख्त जरूरत होती है। इस सूची में मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग, कैंसर, किडनी, प्रोस्टेट से जुड़ी बीमारियां रखी जा सकती हैं, जो उम्र के साथ-साथ बढने लगती हैं। यदि प्रधानमंत्री ने ऐसा किया होता, तो न केवल देश के बुजुर्ग उन्हें ढेरों आशीर्वाद देते, बल्कि सकल जीवन प्रत्याशा भी बढ़ती। दरअसल बूढ़ों को स्वास्थ्य कवर देना बेहद गंभीर और जरूरी मुद्दा है, क्योंकि स्वास्थ्य बीमा कंपनियां वरिष्ठ नागरिकों को कवर देने से कन्नी काटती हैं या साफ इंकार कर देती हैं। अधिकतर निजी कंपनियों के बीमे की किस्त बेहद महंगी होती है, जिसे बिना पेंशन वाले बुजुर्ग वहन नहीं कर सकते। जो सरकारी सेवाओं में रहे हैं, उनके लिए सीजीएचएस जैसी सुविधाएं ताउम्र उपलब्ध हैं। ऐसे बहुत कम फीसदी लोग हैं। आम आदमी के लिए बीमा कंपनियों की शर्तें इतनी महीन छापी जाती हैं कि उन्हें पढना असंभव होता है, लिहाजा बीमा लेने वालों को एजेंट के कथनों पर ही भरोसा करना पड़ता है। सरकारी डाटा ही खुलासा करता है कि मात्र 6 फीसदी आबादी उन वरिष्ठ नागरिकों की है, जिनके पास अपना स्वास्थ्य बीमा कवर है, जबकि भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडाई) बुजुर्गों की भागीदारी को प्रोत्साहित करता रहा है। यह एक संवैधानिक निकाय है, जिसका गठन संसद में पारित बिल के जरिए किया गया था, ताकि बीमा बाजार पर निगाह रखी जा सके। इसके बावजूद देश और समाज के सबसे संवेदनशील समूह को बीमे के फायदों और जरूरत से बाहर रखा गया है, क्योंकि बीमे की किस्त वाकई बेहद महंगी है। प्रधानमंत्री की गारंटी 'मास्टर स्ट्रोक' साबित हो सकती थी। इरडाई का ही डाटा है कि 144 करोड़ के देश में 55 करोड़ के पास ही स्वास्थ्य कवर है। औसतन 100 में से 54 कवर सरकार द्वारा प्रायोजित होते हैं। किस्त के तौर पर कमाए गए प्रति 100 रुपए में से 91 रुपए व्यक्तिगत और समूह बीमा पॉलिसी से आते हैं। 'पॉलिसी बाजार' नामक बीमा कंपनी के सर्वेक्षण के मुताबिक, देश में 96 फीसदी लोग स्वास्थ्य बीमा जानते हैं, लेकिन 43 फीसदी ने ही पॉलिसी ले रखी है। औसतन 3 में से 2 लोग महसूस करते हैं कि बीमा किस्त बेहद महंगी है। नीतियां और शर्तें बेहद पेचीदा हैं, लूट भी लेती हैं, भुगतान की शर्तें बिल्कुल अस्पष्ट हैं और कई बीमारियों को कवरेज की सूची से बाहर रखा गया है और बीमाधारक को यह स्पष्ट नहीं किया जाता। यह धोखाधड़ी अधिकतर कंपनियां कर रही हैं। दरअसल स्वास्थ्य बीमा का बाजार बड़ा प्रतियोगी है। बीते 2023 के अंत में 29 कंपनियां ऐसी थीं, जो स्वास्थ्य की नीतियां और शर्तें तय कर रही थीं।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002
**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

### पुलिस और गौ तस्कर के बीच मुठभेड़, बदमाश के पैर में लगी गोली

हरिद्वार। पथरी पुलिस की गौ तस्कर के साथ बुधवार को मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने बदमाश को रुड़की के अस्पताल में भर्ती कराया। बदमाश के पास से एक जिंदा गोवंश, एक तमंचा और तीन कारतूस बरमाद किए हैं। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को बुधवार सुबह ग्राम ऐथल में अज्ञात चोर के गोवंश पशु चोरी की सूचना मिली। थानाध्यक्ष पथरी रविंद्र सिंह गौ तस्करों की तलाश में निकले। चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम को गौ तस्कर अलावलपुर रोड पर होने की सूचना मिली। पुलिस ने आरोपी को चारों ओर से घेर लिया।

### नगर निगम का क्षतिग्रस्त बोर्ड दे रहा दुर्घटना को दावत

हरिद्वार। नगर निगम के मुख्य गेट के ऊपर लगा बोर्ड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। बोर्ड से निकले लोहे के एंगल किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। इस मार्ग से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं। जबकि इस मार्ग से रोजाना नगर निगम के सभी अधिकारी होकर गुजरते हैं। लेकिन अभी तक किसी अधिकारी की नजर इस पर नहीं पड़ी।

### स्वतंत्रता सेनानी के साथ एक आदर्श नेता चौ. चरण सिंह

हरिद्वार। राष्ट्रीय लोकदल और जाट महासभा पंचपुरी की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की 37वीं पुण्यतिथि पर यज्ञ किया गया। इसमें वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह पक्के आर्य समाजी, स्वतंत्रता सेनानी और आदर्श नेता थे। उन्होंने कभी झूठ को अंगीकार नहीं किया। आर्य समाज सेक्टर-एक भेल में आयोजित यज्ञ में आरएलडी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी देवपाल सिंह राठी और जाट महासभा पंचपुरी के महामंत्री देवेंद्र कुंडू ने कहा कि चौधरी चरण सिंह निष्पक्ष रूप से कार्य करते थे। जब लगातार पुलिस थानों से रोज शिकायत आती थी, तब उन्होंने वेश बदल कर थाने जाकर एक गरीब के रूप में अपनी रिपोर्ट लिखने के लिए कहा, मगर पुलिस आना कानी करने लगे। काफी समय के बाद पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज की। जब रिपोर्ट पर उन्होंने अपना नाम लिखा तो थाने के अधिकारी दंग रह गए।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिसकर्मी की बेटी को हत्याा की धमकी, केस दर्ज

हरिद्वार। चमोली में तैनात एक पुलिसकर्मी की बेटी को हत्या की धमकी देने के मामले में बुधवार को रानीपुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोप है कि छोटी बहन को परेशान करने से मना करने पर बड़ी बहन को धमकी दी है। इंस्पेक्टर विजय सिंह के मुताबिक रानीपुर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक पुलिसकर्मी ने शिकायत कर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को एक लड़का परेशान कर रहा है। बार-बार दोस्ती करने की जिद कर रहा है। यह बात उसने बड़ी बेटी को बताई। इस पर बड़ी बेटी ने लड़के को समझाने का प्रयास किया। आरोप है कि जब बड़ी बेटी ने यह बताया कि पिता पुलिस में हैं तो आरोपी लड़के ने अभद्रता कर गोली मारने की धमकी दी। आरोप है कि अब उल्टे-सीधे मैसेज कर रहा है। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

### ऋषिश्वरानंद का अवतरण दिवस मनाया

हरिद्वार। चेतन ज्योति आश्रम के पीठाधीश्वर महंत ऋषिश्वरानंद का अवतरण दिवस बुधवार को चेतन ज्योति आश्रम में धूमधाम से मनाया गया। स्वामी ने अपना अवतरण दिवस पर्यावरण दिवस के रूप मे मनाया। स्वामी ऋषिश्वरानंद ने कहा कि सभी एक पौधा जरूर लगाएं। आज देश और दुनिया में पेड़ पोधों की कमी से वातावरण गर्म हो गया है, ऐसे में दुनिया में पानी की कमी होती जा रही है और आगे और भी ज्यादा संकट में आ जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर आखाड़ा परिषद के पूर्व प्रवक्ता बाबा हठयोगी और महामंडलेश्वर रूपेन्द्र प्रकाश ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन में कम से कम दस पेड़ जरूर लगाने चाहिए। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता संजीव चौधरी ने किया।इस दौरान मुख्य रूप से राम विशालदास योगी, आशुतोष, रवि शास्त्री, सत्यनारायण शर्मा, विनय सारस्वत, विजय सारस्वत, पुरुषोत्तम शर्मा, नमन गर्ग, दीपक जखमोला, संदीप चमोली, राजेश रस्तोगी, रवि देव शास्त्री, अरविन्द कुमार, पुष्पेंद्र गुप्ता, मनोज महंत आदि मौजूद रहे।

### 5.62 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा

हरिद्वार। ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने 5.62 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को लालपुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी कुछ दिन पहले ही जेल से जमानत पर आया था।रेल चौकी प्रभारी बीरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि उनकी टीम देररात लालपुल के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी लालपुल अंडरपास की तरफ से एक स्कूटर पर एक युवक आता दिखा। रुकने का इशारा करने पर वह मुड़कर वापस भागने लगा। पुलिस ने कुछ दूरी पर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से स्मैक बरामद हुई। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी ने अपना नाम अमित अरोड़ा उर्फ आशी निवासी मोहल्ला लोधामंडी कोतवाली ज्वालापुर बताया है। आरोपी को जेल भेजा गया है। आरोपी पहले भी कई बार स्मैक तस्करी में जेल जा चुका है।

### दो दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन

हरिद्वार। भेल सेक्टर दो के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दो दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग शुरू हुआ। इसका शुभारंभ भारतीय शिक्षा समिति के मंत्री रजनी कान्त शुक्ल, मायापुर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के उप प्रधानाचार्य अजय सिंह और प्रधानाचार्य लोकेन्द्र दत्त अंथवाल ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में हरिद्वार जिले से 40 आचार्यों और आचार्याओं ने भाग लिया। रजनीकांत शुक्ल ने कहा कि यह मुख्यतः शारीरिक शिक्षकों के प्रशिक्षण का शिविर है। शारीरिक शिक्षक का अलग ही दायित्व होता है। उस पर बच्चे के शारीरिक विकास का दायित्व होता है। कार्यक्रम में करूनेश सैनी, कमल सिंह रावत, अश्वनी, अमित, प्रवीण कुमार आदि उपस्थित रहे।

### कंपनी के बाहर से बाइक चोरी

हरिद्वार। सिडकुल में कंपनी के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने बुधवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना 27 मई की है, जब अनिल पुत्र मदन पाल निवासी ब्रह्मपुरी रावली महदूद थाना सिडकुल अलकोन इंजीनियरिंग कंपनी में सॉकर रिपेयरिंग करने के लिए आए थे। बाइक को कंपनी के गेट के बाहर खड़ी कर दी थी। जब शाम को बाहर आया तो बाइक गायब मिली। एसओ मनोहर सिंह भंडारी ने बताया कि जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# कालसी में वृद्ध की हत्या का दून पुलिस ने किया खुलासा

## घटना को अजांम देने वाले अभियुक्त को दून पुलिस ने किया गिरफ्तार




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

कालसी , 30 मई , बीते दिनों खजान सिंह पुत्र अषाडू, निवासी ग्राम रुपऊ, कालसी देहरादून ने थाना कालसी में आकर प्रार्थना पत्र दिया कि हरिया पुत्र थेचकू व दिनेश पुत्र हरिया निवासगण ग्राम रुपऊ थाना कालसी देहरादून द्वारा उनके पिता अषाडू की बेरहमी से हत्या कर दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कालसी में तत्काल मु0अ0सं0-22/24 धारा 302 आईपीसी पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद देहरादून द्वारा थानाध्यक्ष कालसी को घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा-निदेश देते हुए थाना कालसी में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा घटना के आसपास मौजूद लोगों से गहनता से पूछताछ कर जानकारी एकत्रित की गई। मृतक अषाडू की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी मृत्यु का कारण

■ मृतक के पडोसी ने ही दिया था घटना को अजांम

₹Antimortem head injury₹ होना प्रकाश में आया। घटना के सम्बंध में विवेचनात्मक कार्यवाही व साक्ष्य संकलन के आधार पर नामजद अभियुक्त हरिया पुत्र थेचकू, जो कि भाग जाने की फ़िराक़ में था को लखवाड़ कालोनी डाकपत्थर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल एक डंडा अभियुक्त हरिया के घर से बरामद किया गया ।

पूछताछ विवरण-

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह घ्याडी-मजदूरी का काम करता है तथा मृतक असाडू उनके पडोस में रहता है, घटना वाले दिन उसका पुत्र दिनेश घर पर मौजूद नही था तथा उसकी पत्नी घर में अकेली थी और जब अभियुक्त काम करके घर लौटा तो उसने देखा कि असाडू उसकी पत्नी के साथ गलत काम कर रहा था, जिसके बाद अभियुक्त व असाडू की हाथापाई हो गयी और अभियुक्त ने असाडू के सर पर डंडे से हमला कर दिया, जिससे असाडू घायल हो गया, जिसे देखकर अभियुक्त घबराकर मौके से भाग गया था। अभियुक्त द्वारा

नाम पता अभियुक्त

हरिया पुत्र थेचकू निवासी ग्राम रुपऊ थाना कालसी देहरादून उम्र 71 वर्ष

पुलिस टीम(1) उ0नि0 वैभव गुप्ता, थानाध्यक्ष कालसी (2) का0 त्रेपन (3) का0 मोहन कुमार (4) का0 जसमेर

# देहरादून : AC लगवाने के नाम पर साइबर ठगों ने लगाया लाखों का चूना


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 30 मई : राजेंद्र नगर निवासी अनादि श्रीवास्तव ने 18 मई को दो एसी ख़रीदे, लेकिन जब पांच दिन बीत जाने के बाद भी कोई एसी इंस्टाल करने नहीं आया तो उन्होंने ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर ढूंढा लेकिन वो साइबर ठगों के जाल में फंस गए और उनके साथ 12 लाख की ठगी हो गई।



अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।गर्मी से राहत पाने के लिए देहरादून के राजेंद्र नगर निवासी अनादि श्रीवास्तव ने 18 मई को दो AC ख़रीदे इसपर दुकानदार ने उन्हें कहा कि जल्द ही कंपनी का टेक्नीशियन इसे इंस्टाल करने आपके घर आएगा। जब 5 दिन बीत गए और कोई भी एसी इनस्टॉल करने नहीं आया तो उन्हें लगा इसकी कम्प्लेंट ऑनलाइन चाहिए जिसके लिए उन्होंने 23 मई को गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया और जब उन्हें जब नंबर मिला तो उन्होंने कस्टमर केयर (साइबर ठग) से बात करके शिकायत दर्ज कराई। फोनकर्ता ने उन्हें बताया कि आपको इसके लिए ऑनलाइन 5 रुपए ट्रांसफर करने होंगे। राशि से पहले पीड़िता के मोबाइल नंबर के अंतिम पांच अंक जुड़वाए। इस तरह पीड़िता के खाते से 98,270 रुपये कट गए।जब उन्हें खाते से पैंसे कटने का मेसेज प्राप्त हुआ तो उन्होंने वापस करने को कहा। जिसके लिए फोनकर्ता ने उन्हें एनीडेस्क एप डाउनलोड कराया जिसके बाद साइबर ठगों के हाथ पर उनके पूरे मोबाइल का कण्ट्रोल आ गया। फिर ठगों ने एक-एक करके पीड़ित व्यक्ति के एफडी और बैंक खाते से 11 लाख 28 हजार रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित के द्वारा 25 मई को अकाउंट ब्लॉक करवाया गया जिसके बाद पैंसे काटना बंद हुए। पीड़ित अनादि श्रीवास्तव की शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया गया है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# Hemkund Sahib : बीड़ी को लेकर श्रद्धालुओं ने होमगार्ड पर किया जानलेवा हमला, तीन लोग गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली 30 मई : बीड़ी पर हुए विवाद में तीन श्रद्धालुओं ने होमगार्ड पर कृपाण से हमला करके उन्हें जख्मी कर दिया, जिससे होमगार्ड के दोनों हाथों और सिर-पैर में गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।आजकल प्रदेश में यात्रा का पीक सीजन चल रहा है, इस कारण तीर्थयात्रियों की हर जगह भीड़ देखने को मिल रही है। साथ ही कुछ शरारती तत्व यात्रा में पहुंचकर यात्रा की महत्ता और उत्तराखंड की शांत वादियों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इसी बीच एक ऐसी खबर गोविंदघाट से आ रही है। जो कि हेमकुंड यात्रा का प्रवेश द्वार है यहाँ पर बीते दिन मामूली विवाद पर तीन श्रद्धालुओं ने एक होमगार्ड के साथ मारपीट करके उसे लहूलुहान कर दिया।मिली जानकारी के मुताबिक 27 मई को हेमकुंड साहिब में ड्यूटी दे रहे होमगार्ड भगत सिंह गुरुद्वारा से 100 मी. की दूरी पर शौच करने गए हुए थे। इसी बीच तीन श्रद्धालु आते हैं और उन पर आरोप लगाते हैं कि वे गुरुद्वारे के पास धूम्रपान कर रहे थे। जिस कारण होमगार्ड और श्रद्धालुओं के बीच कहासुनी हुई और इन्होने कृपाण से हमला कर दिया। जिससे होमगार्ड के हाथ और सिर-पैर पर गंभीर चोट आई है, उन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पांडुकेश्वर भेजा गया। आरोपियों की पहचान 29 वर्षीय यशमीत, 28 वर्षीय गुरजीत सिंह (निवासी रमेश नगर, वेस्ट दिल्ली), और 25 वर्षीय अमरदीप सिंह (निवासी हजूर साहेब, नांदेड, महाराष्ट्र) के रूप में हुई है। तीनों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# उत्तराखंड : मामूली नोक-झोंक के चलते पति ने नर्स पत्नी पर किए चाकू से कई वार, हालत गंभीर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पिथौरागढ़ 30 मई : घायल हुई महिला उप जिला चिकित्सालय धारचूला में नर्स के पद पर कार्यरत है। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। नर्स की हालत काफी नाजुक बनी हुई है फ़िलहाल उसका इलाज चल रहा है।मिली जानकारी के अनुसार सीमान्त जिला पिथौरागढ़ से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आ रही है।

यहाँ धारचुला क्षेत्र में उप जिला चिकित्सालय में कार्यरत नर्स हॉस्पिटल के आवासीय परिसर में रहती है। बीती रात को उसकी अपने पति के साथ किसी बात को लेकर मामूली विवाद हो गया। इस दौरान पति ने हैवानियत दिखाकर चाकू से पत्नी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। पत्नी ने शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे पड़ोसी आए और मुश्किल से उसकी जान बचाकर घायल नर्स को अस्पताल में भर्ती कराया।पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले से ही पत्नी के साथ मारपीट करता था लेकिन इस बार उसने सभी हदें पार करके पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। उसने अपनी पत्नी पर चाकू से कई वार किये हैं जिससे वह गंभीर रूप से घायल है और उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। संयुक्त अस्पताल धारचूला में प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति देखते हुए नर्स को जिला अस्पताल पिथौरागढ़ रेफर किया गया है। आरोपी पति ने हमले का कारण नहीं बताया है उसके खिलाफ आईपीसी धारा 307 के साथ विभिन्न धाराओं पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया जाएगा।



# हरकी पैड़ी के पास चोरी की योजना बना रहे तीन धरे

हरिद्वार। हरकी पैड़ी के पास चोरी की योजना बना रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार देररात गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से कटर ब्लेड बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर कुंदन सिंह राणा ने बताया कि पुलिस टीम हरकी पैड़ी क्षेत्र में टीम के साथ गश्त कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि हरकी पैड़ी के पास शिवपुल की सीढ़ियों के नीचे बैठकर तीन व्यक्ति चोरी की योजना बना रहे हैं। मौके पर दबिश देते हुए मौके से आरोपी सुमित निवासी खेवडा थाना राई जिला सोनीपत हरियाणा, सन्नी निवासी ग्राम वचन सिंह कालोनी थाना मंडी जनपद मुज्जफनगर, विश्वजीत निवासी दुर्गापुर थाना कोकोवेन जिला वर्धमान पश्चिम बंगाल को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर कटर बरामद हुए। आरोपियों ने कबूला कि भीड़ के बीच यात्रियों की जेब काटने की फिराक में थे।

# गुर्जर के डेरे से गायब चोरी करते दो पकड़े

हरिद्वार। रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में वन गुर्जर के डेरे से गाय चोरी करते हुए दो युवकों को पकड़ लिया। गुर्जरों ने आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मंगलवार की देर रात मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक सेक्टर-5 बी भेल के पीछे गुज्जर डेरा निवासी गुलाम रसूल ने शिकायत कर बताया कि वह सेक्टर-5 बी भेल के पीछे वह डेरे में रहकर पशु पालन करते हैं। मंगलवार को उनकी गाय डेरे पर बंधी हुई थी और वह अन्य पशुओं को देखने डेरे से बाहर जगंल में गए हुए थे। जब वापस आए तो गाय गायब मिली। पत्नी व पड़ोसी के साथ मिलकर गाय की तलाश शुरू की।